# राजस्थान करंट अफेयर्स 2026



Yesterday, Quiz:

## Q. केंद्र सरकार के प्रतिबिम्ब पोर्टल के ताजा आंकड़ों में राजस्थान का कौनसा जिला देश के सबसे सक्रिय साइबर फ्रॉड जिलों में देश में चौथे नंबर पर है

(A) अलवर

(B) जयपुर

(C) भरतपुर

(D) इनमें से कोई नही

- जयपुर साइबर ठगी पर लगातार ऑपरेशन चलाने के बावजूद राजस्थान देश के सबसे सक्रिय साइबर फ्रॉड जिलों में शामिल हो गया है।
- केंद्र सरकार के प्रतिबिम्ब पोर्टल के ताजा आंकड़ों में राजस्थान के 4 जिले देश के टॉप-20 साइबर ठगी हॉटस्पॉट में आए हैं। इनमें अलवर देश में चौथे नंबर पर है। जयपुर भी देश के टॉप-20 जिलों में 16वें स्थान पर है
- अलवर: देश में चौथा नंबर, रोज 113 ठग फ्रॉड कर रहे हैं।
- राष्ट्रीय स्तर के आंकड़े देखे तो नूंह के बाद झारखंड का देवघर, बिहार का नवादा और यूपी का गौतम बुद्धनगर टॉप 5 जिलों में शामिल है

## Yesterday Revision

01. सरकारी कंपनी Oil India Limited ने राजस्थान के जैसलमेर बेसिन स्थित डांडेवाला क्षेत्र में एक नए गैस भंडार की खोज की है।

02. राजस्थान को पूरी तरह नशामुक्त बनाने के लिए राजस्थान पुलिस की एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स और गैर-सरकारी संगठनों ने 'ऑपरेशन लक्ष्मण रेखा' की शुरुआत की है।

03. राजस्थान निर्यात प्रोत्साहन नीति-2024 में संशोधन के तहत तकनीकी अपग्रेडेशन के लिए, दिए जाने वाले अधिकतम अनुदान को 50 लाख रुपये से बढ़ाकर 1 करोड़ रुपये की गई है

04. ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक जनभागीदारी सुनिश्चित करने के लिए राजस्थान में 'तम्बाकू मुक्त ग्राम अभियान' को 'आयुष्मान आदर्श ग्राम योजना' से जोड़ा गया है।

05. जैसलमेर: थार मरुस्थल के अल्गोजा लोक वाद्य के महान कलाकार तगा राम भील को कला क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पद्मश्री से सम्मानित किया।

**01. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:**

(A) महिला एवं बाल विकास तथा बाल अधिकारिता राज्य मंत्री डॉ. मंजू बाघमार को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया जाएगा

(B) 26 जून 2026 को ब्रिटेन की संसद के पैलेस ऑफ वेस्टमिंस्टर में आयोजित होने वाले 10वें अवॉर्ड समिट में यह सम्मान मिलेगा

**सही विकल्प चुनिए:**

(A) दोनों सत्य हैं (B) केवल A सत्य है

(C) केवल B सत्य है (D) दोनों असत्य हैं



**Important Facts:**

- राजस्थान सरकार में सार्वजनिक निर्माण, महिला एवं बाल विकास तथा बाल अधिकारिता राज्य मंत्री डॉ. मंजू बाघमार को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है।
- लंदन स्थित प्रतिष्ठित संस्था 'वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स' द्वारा उन्हें ब्रिटेन की संसद के पैलेस ऑफ वेस्टमिंस्टर में आयोजित होने वाले 10वें अवॉर्ड समिट के लिए विशेष आमंत्रण प्रदान किया गया है। डॉ. मंजू बाघमार को महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया जाएगा।
- यह समारोह 26 जून 2026 को लंदन में आयोजित होगा।
- मंजू बाघमार ने अपने पेशेवर जीवन में उदयपुर के मोहनलाल सुखाडिया विश्वविद्यालय में प्रोफेसर के रूप में उत्कृष्ट सेवाएं दी हैं।

**02. निम्न कथनों पर विचार कीजिए—**

(1) राजस्थान सरकार ने राजस्थान सिविल सेवा (पेंशन) नियम, 1996 में संशोधन को मंजूरी प्रदान की है

(2) राजस्थान सिविल सेवा (पेंशन) नियम में नियम 67 के तहत अब विशेष योग्यजन बच्चों को स्थायी विकलांगता प्रमाण पत्र केवल एक बार प्रस्तुत करना होगा।

**सही विकल्प चुनें**

(A) कथन 1 और 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) केवल कथन 2 सत्य हैं। (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

- हाल ही में राजस्थान सरकार ने राजस्थान सिविल सेवा (पेंशन) नियम, 1996 में संशोधन को मंजूरी प्रदान की है
- नियम 67 के तहत अब विशेष योग्यजन बच्चों को स्थायी विकलांगता प्रमाण पत्र केवल एक बार प्रस्तुत करना होगा।
- नियम 134 में संशोधन के बाद पेंशनर्स अब मोबाइल ऐप के माध्यम से फेस ऑथेन्टिकेशन टेक्नोलॉजी द्वारा वार्षिक जीवन प्रमाण पत्र आसानी से प्रस्तुत कर सकेंगे
- परिवार पेंशन हेतु अब केवल एक राजपत्रित अधिकारी द्वारा प्रमाणीकरण ही पर्याप्त होगा

**03. राजस्थान में किस जिले की पर्वतारोही मनस्वी अग्रवाल ने विश्व के सर्वोच्च पर्वत शिखर माउंट एवरेस्ट पर भारतीय तिरंगा फहराकर इतिहास रच दिया है?**

**(A) उदयपुर**

**(B) जोधपुर**

**(C) बीकानेर**

**(D) इनमें से कोई नही**



**Important Facts:**

- झीलों की नगरी उदयपुर की पर्वतारोही बेटी मनस्वी अग्रवाल ने विश्व के सर्वोच्च पर्वत शिखर माउंट एवरेस्ट (8848 मीटर) पर भारतीय तिरंगा फहराकर इतिहास रच दिया है.
- इस उपलब्धि के साथ मनस्वी राजस्थान की प्रथम सामान्य नागरिक श्रेणी की महिला बन गई हैं, जिन्होंने विश्व की सबसे ऊंची चोटी पर सफल आरोहण किया है.
- इससे पूर्व राजस्थान की केवल भारतीय सेना, अर्द्धसैनिक बल एवं राजकीय संस्थाओं से जुड़ी तीन महिलाएं ही इस शिखर तक पहुंच सकी थीं.
- वे अंटार्कटिका महाद्वीप के सर्वोच्च शिखर माउंट विन्सन मैसिफ पर भारतीय ध्वज फहराने वाली राजस्थान की प्रथम महिला हैं.
- वे विश्व के सात महाद्वीपों में से पांच महाद्वीपों की सर्वोच्च चोटियों पर भारतीय ध्वज फहराने वाली राजस्थान की प्रथम महिला बन गई हैं.

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**04. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:**

(1) राजस्थान में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत, प्रथम संतान के जन्म के समय दी जाने वाली राशि को, 5 हजार से बढ़ाकर 6 हजार 500 रुपये किया गया है।

(2) इस योजना में दिव्यांग गर्भवती महिला को, 20 हजार रुपये दिए जा रहे हैं।

(A) केवल कथन 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) कथन 1 व 2 सत्य हैं. (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

- राज्य सरकार ने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत, प्रथम संतान के जन्म के समय दी जाने वाली राशि को, 5 हजार से बढ़ाकर 6 हजार 500 रुपये किया है।
- इस योजना में दिव्यांग गर्भवती महिला को, 10 हजार रुपये दिए जा रहे हैं।
- प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (PMMVY) भारत सरकार द्वारा गर्भवती और स्तनपान कराने वाली माताओं के स्वास्थ्य में सुधार और आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए चलाई जा रही एक प्रमुख प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (DBT) योजना है

**05. राजस्थान के सवाईमाधोपुर जिले के बामनवास उपखंड की बेटी नीलम मीना को किस राज्य की मुख्य निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया है?**

(A) पश्चिम बंगाल

(B) उत्तरप्रदेश

(C) असम

(D) इनमें से कोई नही



GK SEARCH ENGINE

**Important Facts:**

- राजस्थान के सवाईमाधोपुर जिले के बामनवास उपखंड की बेटी बनी पश्चिम बंगाल की मुख्य निर्वाचन अधिकारी।
- उपखंड क्षेत्र के कोयला गांव की निवासी एवं 1998 बैच की आइएएस अधिकारी नीलम मीना को पश्चिम बंगाल का नया मुख्य निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया है।
- चुनाव आयोग की ओर से राज्य सरकार को पत्र भेजकर उनकी नियुक्ति की जानकारी दी गई है

जयपुर, मंगलवार, 26 मई, 2026

## सुजस ई प्रश्नोत्तरी-96

**1** **'राजस्थान** इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट पॉलिसी' का मुख्य लक्ष्य राज्य की अर्थव्यवस्था को वर्ष 2028-29 तक कितने बिलियन डॉलर तक पहुंचाना है?
(A) 250 बिलियन डॉलर
(B) 350 बिलियन डॉलर
(C) 500 बिलियन डॉलर
(D) 1 ट्रिलियन डॉलर

**2** **मई** 2026 में संयुक्त राष्ट्र के खाद्य एवं कृषि संगठन द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को किस प्रतिष्ठित सम्मान से नवाजा गया?
(A) चैंपियन ऑफ द अर्थ
(B) ग्लोबल गोलकीपर अवार्ड
(C) एग्रीकोला मेडल
(D) वर्ल्ड फूड प्राइज

**3** **राजस्थान** में पशुपालकों को उनके घर पर ही पशु चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए कौनसी पहल शुरू की गई है?
(A) पशु संजीवनी योजना
(B) मोबाइल वेटरनरी यूनिट
(C) कामधेनु एम्बुलेंस सेवा
(D) पशु रक्षक दल

**4** **राइजिंग** राजस्थान इन्वेस्टमेंट समिट में हस्ताक्षरित 35 लाख करोड़ रुपये के एमओयू में से अब तक कितने लाख करोड़ रुपये का निवेश धरातल पर उतर चुका है?
(A) 5 लाख करोड़ रुपये
(B) 7 लाख करोड़ रुपये
(C) 8 लाख करोड़ रुपये
(D) 12 लाख करोड़ रुपये

**5** **पंच** गौरव योजना में 'एक जिला - एक उपज' के तहत करौली जिले की उपज कौन सी है?
(A) प्याज
(B) शहद
(C) गेहूँ
(D) तिल

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Today, Quiz:**

**Q. जैसलमेर के अल्गोजा लोक वाद्य के महान कलाकार तगा राम भील को कला क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए कौनसा पुरस्कार मिला है**

(A) पद्म भूषण

(B) पद्म विभूषण

(C) पद्म श्री

(D) इनमें से कोई नही

Search Engine

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine